पंजाब केसरी 21/08/2025




*जी.एम.एन. इनक्यूबेशन स्टार्टअप सैंटर द्वारा आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम में मुख्य अतिथि का स्वागत करते आयोजक। (चंद्रमोहन)*

# जी.एम.एन. इनक्यूबेशन स्टार्टअप सैंटर ने करवाया ओरिएंटेशन प्रोग्राम

अम्बाला, 20 अगस्त (बलराम): छावनी के गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में जी.एम.एन. इनक्यूबेशन स्टार्टअप सैंटर द्वारा ओरिएंटेशन प्रोग्राम करवाया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज के सभी विद्यार्थियों के लिए खुला था और इसमें उत्साहजनक भागीदारी देखने को मिली।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कॉलेज के पूर्व छात्र तथा फूड एवं ईटरी व्यवसायी पीयूष राजपूत ने अपनी उद्यमिता के अनुभव सांझा करते हुए छात्रों को नए व्यावसायिक विचार विकसित करने तथा उन्हें दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। जी.एम.एन. इनक्यूबेशन स्टार्टअप सैंटर की संयोजिका डा. प्रवीण कौर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया और छात्रों को नए विचारों के साथ आगे आने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि संस्थान की ओर से उन्हें पूरा सहयोग एवं सराहना प्रदान की जाएगी।

इस अवसर पर डा. गीता कौशिक के साथ-साथ स्टार्टअप सैंटर क्लब की सदस्याएं यशवी शर्मा, हर्षिता एवं महिमा भी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम सकारात्मक माहौल में संपन्न हुआ और विद्यार्थियों में उद्यमिता के क्षेत्र को अपनाने के लिए नए उत्साह का संचार हुआ।